09-05-2022

Amar Ujala

Wrong decision to remove warning label from food items: Dr. Arun Gupta

खाद्य पदार्थों से वॉर्निंग लेबल को हटाना गलत निर्णय : डॉ. अरुण गुप्ता

चंडीगढ़। भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण की ओर से खाद्य पदार्थों से वॉर्निंग लेबल हटाना गलत है। उसकी जगह हेल्थ स्टार रेटिंग देना उपभोक्ता को सही जानकारी से दूर कर रहा है। यह बात न्यूट्रिशन एडवोकेसी इन पब्लिक इंटरेस्ट के कन्वीनर डॉ. अरुण गुप्ता ने कही। उन्होंने बताया कि इस बदलाव के खिलाफ सार्वजनिक स्वास्थ्य रक्षा करने वाले 22 भारतीय संगठन एकजुट हो गए हैं। उनका कहना है कि नमक, चीनी या उच्च वसा वाले डब्बा बंद खाद्य पदार्थ में लेबल अनिवार्य रूप से होना चाहिए। कंज्यूमर वॉयस की मुख्य कार्यकारी अधिकारी आशिमा सान्याल का कहना है कि हेल्थ स्टार रेटिंग (एचएसआर) उपभोक्ताओं को गलत सूचना देगी और उद्योग को अपने उत्पादों में सुधार के लिए बाध्य नहीं करेगी। ब्यूरो